# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 21 वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
2. राजधानी श्री विजयपुरम में खेलो इंडिया संवाद के दौरान खेल प्रतिभाओं और युवाओं को मिला प्रेरणा का संदेश, इसके साथ ही 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज' की भी जानकारी दी गई।
3. स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में छात्रों ने प्रस्तुत किए समस्या–आधारित तकनीकी समाधान, विशेषज्ञों ने रचनात्मक प्रतिक्रिया दी।
4. दक्षिण अंडमान जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए 10 सितंबर तक होंगे पंजीकरण, प्रतियोगिता में चार आयु वर्गों में होंगे मुकाबले।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले। आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण में देश की खेल प्रतिभा और युवाशक्ति को जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में विश्व के खेल मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कि केवल इस बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि बच्चे की रुचि किस खेल में है, बल्कि यह भी पहचानना चाहिए कि वह किस खेल के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है। उन्होंने इसके लिए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><><><><>

माय भारत, श्री विजयपुरम की ओर से आज 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के खिलाड़ियों और युवाओं से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। सांसद बिष्णु पद रे, दक्षिण अंडमान की उपायुक्त पूर्वा गर्ग, सूचना, प्रसार एवं पर्यटन के सचिव विनायक चामड़िया सहित माय भारत के अधिकारी, युवा प्रतिनिधि, स्वयंसेवक और खेल प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम में खेल जगत से जुड़ी हस्तियों संध्या किस्पोटा, करमा टोपो और के.पी. मामू के साथ–साथ भारतीय खेल प्राधिकरण, श्री विजयपुरम के खिलाड़ियों और एथलीटों ने भी भाग लिया। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद के बाद यूथ आइकन हरीश कुमार ने खिलाड़ियों के साथ परिचर्चा का संचालन किया। इस अवसर पर आकाशवाणी से बात करते हुए कयाकिंग और कैनोइंग के खिलाड़ी संध्या किस्पोटा ने कहा

सांसद बिष्णु पद राय ने प्रतिभागियों को स्वस्थ और नशामुक्त समाज के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सचिव विनायक चामड़िया ने 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज' के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में डीब्रेट के करीब 700 और टैगोर कॉलेज के करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना रहा।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2026 आयोजित किया। इस हैकाथॉन में संस्थान के कंप्यूटर साइंस, IT, इलेक्ट्रिकल और सिविल विभागों की 6 अलग–अलग छात्र टीमों ने भाग लिया। भाग लेने वाली टीमों ने अपने आइडिया और समाधान एक खास जूरी के सामने पेश किए। इस जूरी में SOVTECH, जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हुए। जूरी के सदस्यों ने इनोवेशन, समस्या से जुड़ाव, व्यवहार्यता, तकनीकी और सामाजिक प्रभाव जैसे पैमानों पर मूल्यांकन किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों को अपने आइडिया को बेहतर और मजबूत बनाने में सुझाव एवं रचनात्मक फीडबैक दिए। इस आयोजन ने छात्रों को रचनात्मक सोच, टीम वर्क, समस्या–समाधान और प्रस्तुतीकरण विकसित करने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान किया।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार ताइक्वांडो एसोसिएशन, अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से दक्षिण अंडमान जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता में सब–जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। राज्य ओलंपिक संघ के अनुसार, प्रतियोगिता पहले 22 और 23 अगस्त को आयोजित होनी थी, लेकिन अब इसे स्थगित कर 12 और 13 सितंबर 2026 को पुनर्निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी, क्लब, इकाइयां, विभाग और संस्थान 10 सितंबर तक निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। गूगल फॉर्म का लिंक प्राप्त करने के लिए आयोजनकर्ता से 9933–272–629 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के ऑड सेमेस्टर के लिए विभिन्न डिप्लोमा कार्यक्रमों में अतिथि संकाय और अंशकालिक प्रशिक्षक के पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। संस्थान की ओर से जारी सूचना के अनुसार 31 अगस्त को साक्षात्कार लिया जाएगा। किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संस्थान के अकादमिक सेल से 03192–259–818 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री संजीव कुमार दास ने BSNL, अंडमान और निकोबार सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है।

<><><><><><><>

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन के शिक्षा निदेशालय ने शारीरिक शिक्षा शिक्षक तथा स्नातकोत्तर शिक्षक, शारीरिक शिक्षा के पदों पर भर्ती के लिए सूचना जारी की है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम् में एक सामाजिक संस्था की ओर से विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय, लम्बा लाइन में थैलेसीमिया जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड सर्टिफाइड जेनेटिक काउंसलर ने विद्यार्थियों को थैलेसीमिया, इसके आनुवंशिक

पहलुओं, बचाव और समय पर स्क्रीनिंग के महत्व की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने आयोजकों का महत्वपूर्ण जानकारी के लिए आभार व्यक्त किया।

**<><><><><><><>**